# TEST-10

Q1. निम्नलिखित में से पर्यायवाची के असत्य युग्म की पहचान कीजिए-
**(A)** मंडन- अनुमोदन
**(B)** रंक- अकिंचन
**(C)** मुक्ति- स्वतंत्र
**(D)** यमुना- कालगंगा

Q2. निम्नलिखित में से कौन एक 'पाप' का पर्यायवाची नहीं है?
**(A)** अपकर्म **(B)** कलुष
**(C)** पातक **(D)** दोषी

Q3. निम्नलिखित में से पर्यायवाची के असत्य युग्म की पहचान कीजिए-
**(A)** वनिता- वामा
**(B)** गुडाकेश- कृष्ण
**(C)** थाती- जमा
**(D)** शाश्वत- अमर्त्य

Q4. निम्नलिखित में से कौन 'तरंग' का पर्यायवाची नहीं है?
**(A)** उर्मि **(B)** वीचि
**(C)** उल्लोल **(D)** तलछट

Q5. निम्नलिखित में से पर्यायवाची के सही युग्म की पहचान कीजिए-
**(A)** मुँदरी- मुद्रिका
**(B)** अज्ञानी- भिज्ञ
**(C)** हुताशन- तमस
**(D)** अपकार- अनादर

Q6. पर्यायवाची की दृष्टि से एक वर्ग अशुद्ध है-
**(A)** मनोज, मार, रतिपति
**(B)** नग, गज, मतंग
**(C)** अभ्र, फलक, खगोल
**(D)** परिधान, पट, वसन

Q7. पर्यायवाची के दृष्टि से एक वर्ग अशुद्ध है-
**(A)** चंचला, चपला, दामिनी
**(B)** जातवेद, वैश्वानर, निकेतन
**(C)** केकी, शिखंडी, ध्वजी
**(D)** द्रुम, विटप, अगम

Q8. निम्न में से कौन एक 'चाँदनी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
**(A)** चंद्रिका **(B)** चंद्रकला
**(C)** चंद्र **(D)** चंद्रमरीचि

Q9. निम्नलिखित पर्यायवाची युग्म में से असत्य युग्म की पहचान कीजिए-
**(A)** मरीचि- किरण
**(B)** व्योम- अनंत
**(C)** कांतार- कानन
**(D)** द्विज- दारा

Q10. निम्नलिखित में से कौन एक 'सोना' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
**(A)** कासार **(B)** हाटक
**(C)** पुष्कल **(D)** कनक

Q11. ' हर -एक व्यक्ति देश की उन्नति में अपना यथासम्भव सहयोग दे रहा है'
**उपर्युक्त वाक्य में 'हर-एक' किस प्रकार का विशेषण है?**
**(A)** समुदायवाचक विशेषण
**(B)** परिणामबोधक विशेषण
**(C)** प्रत्येकबोधक विशेषण
**(D)** सार्वनामिक विशेषण

Q12. निम्नलिखित शब्द में कौन सा शब्द विशेषण नही है?
**(A)** क्रोध **(B)** चालाक
**(C)** चचेरा **(D)** ग्रस्त

Q13. दिए गए विकल्पों में कौन सा शब्द विशेष्य है?
**(A)** अभ्यास
**(B)** ऊँचा
**(C)** उत्साहित
**(D)** आराध्य

Q14. 'प्रवीण बहुत तेज विद्यार्थी है'
**इस वाक्य में ' बहुत ' शब्द है-**
**(A)** विशेषण
**(B)** प्रविशेषण
**(C)** विशेष्य
**(D)** प्रत्येकबोधक विशेषण

Q15. दिए गए विकल्पों में कौन सा शब्द विशेष्य है?
**(A)** अभ्यास
**(B)** ऊँचा
**(C)** उत्साहित
**(D)** आराध्य

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q16. दिए गए विकल्प में विशेषण शब्द की पहचान कीजिये-
**(A)** कृषि **(B)** चर्चित
**(C)** गरीबी **(D)** घृणा

Q17. दिए गए विशेष्य- विशेषण युग्म में ,गलत युग्म की पहचान कीजिये-
**(A)** जादू-जादूगर
**(B)** ताप - तापित
**(C)** प्राची-प्रतीची
**(D)** प्रस्ताव- प्रस्तावित

Q18. निम्नलिखित विशेष्य- विशेषण युग्मों में सही सुमेलित नही है?
**(A)** समय-सामयिक
**(B)** विवाह- विवाहित
**(C)** विधि- वैध
**(D)** वेद - वैदिक

Q19. 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं'
उपर्युक्त वाक्य में विशेषण है-
**(A)** गुणवाचक विशेषण
**(B)** संख्यावाचक विशेषण
**(C)** परिणामवाचक विशेषण
**(D)** सार्वनामिक विशेषण

Q20. 'तुम अपना काम किस प्रकार से करते हो'- वाक्य में किस प्रकार का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?
**(A)** गुणवाचक
**(B)** संख्यावाचक
**(C)** संकेतवाचक
**(D)** प्रश्नवाचक

Q21. बाध्य का विलोम शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है -
**(A)** भव्य **(B)** अबाधित
**(C)** अबाध्य **(D)** अभद्र

Q22. मान का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** सम्मान **(B)** सामान
**(C)** गौण **(D)** अपमान

Q23. सुयश का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** कुलक्षण
**(B)** अपयश
**(C)** कुसमय
**(D)** दुसाध्य

Q24. शस्त्र का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** शास्त्र **(B)** शिक्षा
**(C)** अस्त्र **(D)** निशंक

Q25. व्यष्टि का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** अव्यस्त
**(B)** समष्टि
**(C)** व्याप्त
**(D)** अव्यावहारिक

Q26. शांत का विलोम निम्न में से कौन सा शब्द नहीं है -
**(A)** अशांत **(B)** उत्तेजित
**(C)** उद्विग्न **(D)** असांत

Q27. विलोम शब्द की दृष्टि से निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -
**(A)** विशुद्ध - अवरुद्ध
**(B)** विश्वस्त - अविश्वस्त
**(C)** वृद्धि - ह्रास
**(D)** वैयक्तिक - सामूहिक

Q28. लघु का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है -
**(A)** गुरु
**(B)** दीर्घ
**(C)** उपर्युक्त दोनों
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q29. महाशय का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा होगा -
**(A)** माननीय
**(B)** महोदय
**(C)** क्षुद्राशय
**(D)** लघुत्तम

Q30. मधुर का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा नहीं है -
**(A)** अमधुर **(B)** कटु
**(C)** कर्कश **(D)** रूक्ष

Q31. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?
**(A)** प्रतिद्वंदी
**(B)** शैया
**(C)** सर्वश्रेष्ट
**(D)** हितैषी

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q32. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द की पहचान कीजिए?
**(A)** वैधव्य **(B)** यथेष्ट
**(C)** पश्चाताप **(D)** पुनरुत्थान

Q33. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अशुद्ध है?
**(A)** छिद्रान्वेषण
**(B)** सूश्रुषा
**(C)** बहुव्रीहि
**(D)** प्रेमचन्द

Q34. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?
**(A)** उन्मिलित
**(B)** अनुगृह
**(C)** युधिस्ठिर
**(D)** माहात्म्य

Q35. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द की पहचान कीजिए?
**(A)** कुमुदनी **(B)** केंद्रीकरण
**(C)** सहस्र **(D)** नीरोग

Q36. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध नहीं है?
**(A)** जाज्वल्यमान्
**(B)** जाग्रत
**(C)** राजन
**(D)** प्राणिवृन्द

Q37. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए।
**(A)** हरिश्चंद्र के सदृश्य कोई सत्यवादी नहीं हुआ।
**(B)** हमारे बेटे के विवाह के उपलक्ष्य में भोज होगा।
**(C)** बूढ़ा आदमी लाठी टेककर चल रहा है।
**(D)** विशेषण के चार उदाहरण दीजिए।

Q38. निम्नलिखित में से कौन सा शुद्ध वाक्य नहीं है?
**(A)** तुम अपना दायित्व निभाओ।
**(B)** अब स्थाई सरकार की स्थापना होगी।
**(C)** मुझे संस्कृत नहीं आती।
**(D)** हम इस आंदोलन में भाग नहीं लेंगे।

Q39. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
**(A)** शिकारी ने जाल में हिरण फंसा लिया।
**(B)** गर्मी से पहले बसंत ऋतु होती है।
**(C)** चहचहा रहे थे पक्षीगण हर शाख पर।
**(D)** इस वाक्य की पुनः रचना करके देखो।

Q40. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए।
**(A)** पत्र किसके नाम पर लिखा गया है।
**(B)** प्रत्येक श्रमिक को दो - दो रुपए मिले।
**(C)** वहां की जलवायु मेरे अनुरूप नहीं थी।
**(D)** शनै: शनै: उसकी दशा बिगड़ती चली गई।

Q41. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम है ?
**(A)** अधूरा **(B)** अँधेरा
**(C)** आश्चर्य **(D)** अलग

Q42. सुमेलित नहीं है –
**तद्भव - तत्सम**
**(A)** उछाह - उत्साह
**(B)** उठ - उत्तिष्ठ
**(C)** उलूक - उल्लू
**(D)** उजाला - उज्जवल

Q43. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है ?
**(A)** एकत्र **(B)** ईंधन
**(C)** इसिका **(D)** इक्षु

Q44. निम्न में से कौन सा युग्म बेमेल है -
**(A)** अवर - ओर
**(B)** ओझा - उपाध्याय
**(C)** अवश्याय - ओस
**(D)** उद्खल - ऊखल

Q45. निम्न में तत्सम शब्द है ?
**(A)** आशीष **(B)** अहीर
**(C)** अपना **(D)** अढ़ाई

Q46. बेमेल हैं –
**तत्सम तद्भव**
**(A)** स्तम्भ - खम्भा
**(B)** खर्जू - खाज
**(C)** खेल - खेला
**(D)** क्षुर - खुर

Q47. निम्न में तद्भव शब्द है -
**(A)** कपाट
**(B)** कूप
**(C)** कूड़ा
**(D)** कोण

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q48. निम्न में कौन सा युग्म सुमेलित है ?
**(A)** चांद - चंद्र
**(B)** चीता - चित्रकार
**(C)** चोंच - चञ्चु
**(D)** चौखट - चतुष्काठ

Q49. निम्न में कौन तत्सम शब्द नहीं है ?
**(A)** डंक **(B)** दृष्टि
**(C)** दण्ड **(D)** शिथिल

Q50. निम्न में सुमेलित नहीं है -
**(A)** अट्ठाईस - अष्टाविंशति
**(B)** अट्ठासी - अष्टाशीति
**(C)** इकसठ - एकसष्ठि
**(D)** इकतीस - एकत्रिशत्

Q51. शक्तिशाली, दयालु और योद्धा नायक के लिए एक शब्द है?
**(A)** धीवर
**(B)** धीरोदात्त
**(C)** धीरललित
**(D)** धीरोद्धत

Q52. जनसाधारण में प्रचलित धारणाएँ के लिए एक शब्द होगा?
**(A)** किदवंती **(B)** लोकोक्ति
**(C)** जनमानस **(D)** आलोच्य

Q53. सुमेलित नहीं है-
**(A)** जिसको छोड़ा नहीं जा सकता - अत्याज्य
**(B)** सौ वर्षों का समूह - शताब्दी
**(C)** जिसका किसी भी तरह उल्लंघन नही किया जा सकता - अनुलंघीय
**(D)** जिसे बाहरी जगत का ज्ञान न हो - कूपमण्डूप

Q54. पश्चिम और उत्तर दिशाओं के मध्य का कोण को कहते हैं-
**(A)** ईशान **(B)** आग्नेय
**(C)** वायव्य **(D)** नैऋत्य

Q55. 'जिसने प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली हो' वाक्य के हेतु उपर्युक्त शब्द है-
**(A)** प्रतिष्ठित
**(B)** प्रतिवाय
**(C)** प्रतिकल्प
**(D)** महत्वाकांक्षी

Q56. सुमेलित नहीं है-
**(A)** वह भूमि जो पहले न जोती गई हो- अकृष्टपूर्वा
**(B)** अत्यन्त सूक्ष्य या छोटा होने की शक्ति प्राप्त होना - अणिमा
**(C)** स्वयं गुरु बनकर दूसरों से अपनी पूजा कराना - गुरुडम
**(D)** जिसमें हानि या अर्थ का डर न हो - नैष्ठिक

Q57. जिसके पास कुछ भी न हो- वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
**(A)** आकुंचन **(B)** आवेष्ट
**(C)** अकिंचन **(D)** किंचित्य

Q58. घुंघराले बालों वाली नायिका – के लिए एक शब्द है?
**(A)** लोलाक्षिका
**(B)** काकुली
**(C)** काकुल्य
**(D)** केशिनी

Q59. 'तारों भरी रात' – वाक्य के लिए एक शब्द है?
**(A)** विभावरी
**(B)** शर्वरी
**(C)** त्रियामा
**(D)** प्रदोष

Q60. 'जिसका जन्म द्वीप पर हुआ हो' – के लिए एक शब्द है?
**(A)** गलितांग
**(B)** द्वैपायन
**(C)** द्विवेदी
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-10

## व्याख्यात्मक हल

**1. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** मुक्ति का पर्यायवाची मोक्ष, निर्वाण, परमगति, अमृतत्व, परमपद होता है। जबकि स्वतंत्र का पर्यायवाची मुक्त, आजाद, खुला, छोटा और स्वच्छंद होता है।

◆मंडन- समर्थन, अनुमोदन, पुष्टिकरण, सजावट, अलंकरण, रूपसज्जा

◆ रंक- अकिंचन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन, धनहीन

◆ यमुना- सूर्यसुता, कालिंदी, कालगंगा, कृष्णा, रवितनया

**2. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** 'दोष' पाप का पर्यायवाची होता है न कि 'दोषी'। पाप के पर्यायवाची अग्रलिखित हैं- पातक, अघ, दोष, कलुष, गुनाह, अपकर्म।

**3. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** गुडाकेश कृष्ण का पर्यायवाची नहीं है।

◆ गुडाकेश- धनंजय, अर्जुन, पार्थ, कौन्तेय, गाण्डीवधर

◆कृष्ण- नंदनंदन, मुरलीधर, गिरिधर, कन्हैया, श्याम, मोहन, वंशीधर, माधव, नंदलाल, बनवारी

◆वनिता- वामा, नारी, स्त्री, महिला, औरत, रमणी, ललना

◆थाती- जमा, धरोहर, अमानत

◆शाश्वत- अनश्वर, अविनाशी, अमर, अमर्त्य, नित्य

**4. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** तलछट, तरंग का पर्यायवाची नहीं है, अपितु इसका पर्यायवाची साद, गाद और अवशेष है।

◆तरंग- उर्मि, वीचि, उल्लोल, हिलोर, लहर

**5. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** मुँदरी- मुद्रिका सही पर्यायवाची युग्म है। मुद्रिका का पर्यायवाची अंगूठी, अंगुलिका, मुद्रा, छाप भी होता है।

◆अज्ञानी- अनभिज्ञ, अनजान, मूर्ख, पागल, अज्ञ, अज्ञानी

◆हुताशन- अग्नि, आग, पावक, अनल

◆तमस- अंधकार, अंधेरा, तम, तिमिर, अंधियारा

◆अपकार- अहित, अनिष्ट, बुराई, अमंगल

◆अनादर- अपमान, अवज्ञ, तिरस्कार, बेइज्जती

**6. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** 'नग' पहाड़ का पर्यायवाची होता है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द है- अचल, भूधर, महिधर और गिरजा। जबकि हाथी का पर्यायवाची शब्द है- नाग, गज, करी, कुंजर।

**7. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** जातवेद, वैश्वानर, दहन, वायुसखा, अनल, पावक, कृशानु, आग के पर्यायवाची शब्द है। जबकि निकेतन, भवन, सदन, आयतन, आवास, निलय, धाम, गृह इत्यादि का पर्यायवाची है।

**8. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** 'चंद्र' चंद्रमा का पर्यायवाची है।

◆ चंद्रमा- निशानाथ, इंदु, शशि, शशांक, सुधाकर, हिमांशु, निशाकर, विभाकर, राकेश, मयंक, सोम।

◆ चाँदनी- चंद्रिका, ज्योत्सना, कलानिधि, चंद्रकला, तरंगिणी, चंद्रमरीचि।

**9. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** 'द्विज- दारा' पर्यायवाची का असत्य युग्म है।

◆ द्विज- अंडज, विहग, खग, पतंग, पखेरू, परिंदा, चिड़िया, पक्षी।

◆ दारा- भार्या, सहगामिनी, गृहणी, वधू, प्राणप्रिया, वामा, कांता, अर्धांगिनी, औरत, घरवाली, जोरू।

**10. उत्तर- A**
**व्याख्या:-**

◆कासार- पोखर, जलाशय, तड़ाग, सर, तालाब

◆सोना- हेम, जातरूप, कनक, स्वर्ण, पुष्कल, हाटक

**11. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** प्रश्न में दिए गए वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'हर-एक' प्रत्येकबोधक विशेषण है।
इस वाक्य में हर एक व्यक्ति से तात्पर्य है , प्रत्येक व्यक्ति, ।
प्रत्येकबोधक विशेषण संख्यावाचक विशेषण का ही एक प्रकार होता है।
**संख्यावाचक विशेषण के 5 प्रकार होते हैं-**
1-गणनावाचक विशेषण- जैसे- एक ,दो, तीन
2- क्रमवाचक विशेषण- जैसे-पहला, दूसरा, तीसरा
3-आवृत्ति वाचक विशेषण- दूना, तिगुना, चौगुना
4- समुदायवाचक विशेषण-जैसे- दोनो, तीनों, चारों
5-प्रत्येकबोधक विशेषण- जैसे-प्रत्येक, हर-एक, दो-दो, आदि

**12. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** विकल्प में दिए गए शब्दों में, 'क्रोध ' विशेषण शब्द नही है।
क्रोध विशेष्य शब्द है, इसका विशेषण 'क्रुद्ध' होता है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**13. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** दिए गए विकल्प में ' अभ्यास' शब्द विशेष्य है।
जबकि अन्य शब्द विशेषण है।
ऊँचा विशेषण शब्द है, इसका विशेष्य ऊँचाई होगा।
उत्साहित विशेषण शब्द है, इसका विशेष्य उत्साह होगा।
आराध्य विशेषण शब्द है , इसका विशेषण आराधना होगा।

**14. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** प्रवीण बहुत तेज विद्यार्थी है।
इस वाक्य में 'बहुत' शब्द प्रविशेषण है।
हिंदी में कुछ विशेषणों के भी विशेषण होते हैं, इन्हें प्रविशेषण कहते हैं।
प्रश्न में दिए गए वाक्य में 'तेज ' विशेषण है।
तथा बहुत तेज की विशेषता बता रहा है, इसलिए यह प्रविशेषण है।

**15. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** दिए गए विकल्प में ' अभ्यास' शब्द विशेष्य है।
जबकि अन्य शब्द विशेषण है।
ऊँचा विशेषण शब्द है, इसका विशेष्य ऊँचाई होगा।
उत्साहित विशेषण शब्द है, इसका विशेष्य उत्साह होगा।
आराध्य विशेषण शब्द है , इसका विशेषण आराधना होगा।

**16. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** चर्चित विशेषण शब्द है, इसका विशेष्य चर्चा होता है।
विकल्प में दिए गए अन्य विशेष्य शब्द हैं।
कृषि विशेष्य शब्द है, इसका विशेषण कृषक होता है।
गरीबी विशेष्य शब्द है, इसका विशेषण गरीब होता है।
घृणा विशेष्य शब्द है, इसका विशेषण घृणित ,घृण्य होता है।

**17. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** प्राची का विशेषण प्राच्य होता है।
विकल्प में दिए गए अन्य सही सुमेलित हैं।

**18. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** विवाह विशेष्य शब्द का विशेषण वैवाहिक होता है।
विकल्प में दिए गए अन्य सभी सही सुमेलित हैं।
**कुछ अन्य महत्वपूर्ण विशेष्य-विशेषण युग्म-**
सम्पादक -सम्पादकीय
सोना- सुनहला, सुनहरा
संख्या-सांख्यिक, संख्येय
स्वाद -स्वादिष्ट,स्वादु
स्वदेश-स्वादेशिक, स्वदेशी

**19. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं।
इस वाक्य में गुण वाचक विशेषण है।
जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव, आदि लक्षित हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते है।
**नोट- कभी कभी गुणवाचक विशेषण में ' सा' सादृश्यवाचक पद जोड़कर गुणों को कम भी किया जाता है।**
जैसे- बड़ा- सा, ऊंची -सी, छोटी- सी आदि।

**20. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** तुम अपना काम किस प्रकार करते हो ,वाक्य में प्रश्नवाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है।

**21. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** बाध्य शब्द का विलोम अबाध्य होता है जबकि भव्य का विलोम सामान्य, अबाधित का विलोम बाधित तथा अभद्र का विलोम भद्र होता है।

**22. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** मान शब्द का विलोम शब्द अपमान होता है जबकि गौण का विलोम मुख्य होता है। सम्मान और मान समान अर्थ वाले शब्द हैं, सम्मान का विलोम भी अपमान होता है।

**23. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** सुयश का विलोम शब्द अपयश होता है जबकि कुलक्षण का विलोम सुलक्षण, कुसमय का विलोम सुसमय और दुसाध्य का विलोम सुसाध्य होता है।

**24. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** शस्त्र का विलोम शब्द अस्त्र होता है। शिक्षा का विलोम अशिक्षा तथा शंक का विलोम निशंक होता है।

**25. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** व्यष्टि का विलोम शब्द समष्टि होता है जबकि व्यस्त का विलोम अव्यस्त, व्याप्त का विलोम अव्याप्त और व्यावहारिक का विलोम अव्यावहारिक होता है।

**26. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** शांत शब्द के विलोम शब्द - अशांत, उत्तेजित, उद्विग्न आदि शब्द हैं। असांत का विलोम शांत नहीं बल्कि सांत होता है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**27. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** विशुद्ध का विलोम शब्द अवरुद्ध नहीं होता बल्कि अशुद्ध, मिलावटी या अविशुद्ध होता है। विश्वस्त का विलोम अविश्वस्त, वृद्धि का विलोम ह्रास एवं वैयक्तिक का विलोम सामूहिक या अवैयक्तिक होता है।

**28. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** लघु का अर्थ छोटा होता है और इसका विलोम गुरु और दीर्घ दोनों ही होता है इस प्रकार सही उत्तर विकल्प C होगा।

**29. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** महाशय का सही विलोम शब्द क्षुद्राशय होता है जबकि लघुत्तम का विलोम शब्द महत्तम होता है।

**30. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** मधुर का अर्थ मीठा होता है। इसके विलोम शब्द हैं - अमधुर, कटु, कर्कश आदि। रूक्ष का विलोम शब्द मसृण होता है।

**31. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** हितैषी शब्द की वर्तनी शुद्ध है।
अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी है -
1-प्रतिद्वंद्वी
2-शय्या
3-सर्वश्रेष्ठ

**32. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** पश्चाताप शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी होगी - पश्चात्ताप।
अन्य सभी शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**33. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** सूश्रुषा शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी है - शुश्रूषा।
अन्य सभी शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**34. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** माहात्म्य शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी है -
1-उन्मीलित
2- अनुग्रह
3- युधिष्ठिर

**35. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** कुमुदनी शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी होगी - कुमुदिनी।
अन्य सभी शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**36. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** राजन शब्द की वर्तनी शुद्ध नहीं है। शुद्ध वर्तनी है - राजन्।
अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**37. उत्तर- A**
**व्याख्या:-**' हरिश्चंद्र के सदृश्य कोई सत्यवादी नहीं हुआ ' वाक्य अशुद्ध है। शुद्ध वाक्य होगा - हरिश्चंद्र के सदृश कोई सत्यवादी नहीं हुआ '।
अन्य सभी वाक्य शुद्ध होगा।

**38. उत्तर- B**
**व्याख्या:-**' अब स्थाई सरकार की स्थापना होगी' वाक्य अशुद्ध है। शुद्ध वाक्य है - ' अब स्थायी सरकार की स्थापना होगी'।
अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

**39. उत्तर- D**
**व्याख्या:-**' इस वाक्य की पुनः रचना करके देखो' वाक्य शुद्ध है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप होंगे -
1-शिकारी ने जाल में हिरन फंसा लिया।
2-गर्मी से पहले वसंत ऋतु होती है।
3-चहचहा रहे थे पक्षिगण हर शाख पर।

**40. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** विकल्प D शुद्ध है। अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप होंगे -
1-पत्र किसके नाम लिखा गया है।
2-प्रत्येक श्रमिक को 2 रुपए मिले।
3-वहां की जलवायु मेरे अनुकूल नहीं थी।

**41. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** 'आश्चर्य' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव 'अचरज' होता है।

| **तद्भव** | - | **तत्सम** |
|---|---|---|
| अधूरा | - | अर्धपूरक |
| अचरज | - | आश्चर्य |
| अँधेरा | - | अँधकार |
| अलग | - | अलग्न |

**42. उत्तर- C**
**व्याख्या:-**

| **तद्भव** | - | **तत्सम** |
|---|---|---|
| उछाह | - | उत्साह |
| उठ | - | उत्तिष्ठ |
| उल्लू | - | उलूक |
| उजाला | - | उज्ज्वल |
| उँगलि | - | अँगुलि |

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

उगना - उद्गत
उबालन - उद्वालन
उबटन - उद्वर्तन

**43. उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
ईंधन तद्भव शब्द है, ईंधन का तत्सम इन्धन होता है। शेष तत्सम शब्द है।
**तद्भव - तत्सम**
इकट्ठा - एकत्र
इतना - इयत
इस - एतस्य
ईंट - इसिका
ईंधन - इन्धन
ईख - इक्षु

**44. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** ओझा तत्सम शब्द नहीं है,
यह तद्भव शब्द है।
**तत्सम तद्भव**
अवर - ओर
उपाध्याय - ओझा
अवश्याय - ओस
उद्खल - ऊखल / ओखल
ओष्ठ - ओंठ
ईदृश - ऐसा

**45. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** 'आशीष' तत्सम शब्द है।
इसका तद्भव 'असीस' होता है।
**तत्सम तद्भव**
आभीर - अहीर
आत्मन : - अपना
अर्धतृतीय - अढ़ाई
अलग्न - अलग
आषाढ़ - असाढ़

**46. उत्तर- C**
**व्याख्या:-**
**तत्सम तद्भव**
स्तम्भ - खम्भा
खर्जू - खाज
खेला - खेल
क्षुर - खुर
क्षेत्र - खेत
खर्जू - खुजली
क्षीर - खीर

**47. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** 'कूड़ा' तद्भव शब्द है
जिसका तत्सम शब्द 'कूट' होता है।
**तत्सम तद्भव**
किवाड़ - कपाट
कुआँ - कूप
कूड़ा - कूट
कोना - कोण
एका - ऐक्य

**48. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** 'चीता' का तत्सम 'चित्रक' होता है। चित्रकार तत्सम शब्द है जिसका तद्भव शब्द 'चितेरा' होता है।
**तत्सम तद्भव**
चाँद - चंद्र
चीता – चित्रक
चोंच – चञ्चु
चोखट – चतुष्काठ
चना – चणक
चूना – चूर्ण

**49. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** 'डंक' तद्भव शब्द है, शेष तत्सम शब्द है।
**तत्सम तद्भव**
दंश - डंक
दृष्टि – डीठ
दण्ड - डाँड़
शिथिल - ढ़ीला
द्वयर्द्ध - डेढ़
डाकिनी - डाइन

**50. उत्तर- C**
**व्याख्या:-**
इकसठ का तत्सम रुप 'एकषष्ठि' होता है। शेष सुमेलित है।
**कुछ महत्वपूर्ण -**
अट्ठानबे – अष्टानवति
इक्कीस – एकविंशति
इक्यासी - एकाशीति
इक्यावन – एकपंचाशत
उन्नीस - ऊनविंशति

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-10

**51. उत्तर- D**
**व्याख्या:-**
धीरललित– अर्थात सदा प्रसन्न रहने वाली या कला-प्रेमी नायक।
धीरोदात्त – शक्तिशाली, दयालु और योद्धा नायक।
धीरोद्धत–बहुत चंचल, दुष्ट और अपनी प्रशंसा करने वाला नायक।
धीवर – मछली पकड़ने या बेचने वाली जाति विशेष तथा धीवर का अर्थ है ध्यान करने योग्य या लक्ष्य|

**52. उत्तर- A**
**व्याख्या:-**
जनसाधारण में प्रचलित धारणाएँ के लिए एक शब्द है किदवंती
**कुछ अन्य उदाहरण–**
सिर से लेकर पैर तक – आपादमस्तक
बालक से लेकर वृद्ध तक – आबालवृद्ध
आलोचना के योग्य – आलोच्य
जिसे जीता न जा सके – अजेय
न खाने योग्य – अखाद्य
आदि से अन्त तक – आद्योपान्त
बिना प्रयास के – अनायास
जो भेदा या तोड़ा न जा सके – अभेद्य

**53. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** जिसका किसी भी तरह उल्लंघन नहीं किया जा सकता – अनुलंघनीय

**54. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** वायव्य




**55. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** जिसने प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली हो- प्रतिष्ठित
जो निवारण करने योग्य है- प्रतिवाय
जिसकी इच्छाएँ बहुत ऊँची हों- महत्वकांक्षी

**56. उत्तर- D**
**व्याख्या:-** आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लेने वाला – नैष्ठिक
जिसमें हानि या अनर्थ का डर न हो – निरापद
जिसे देखकर रौगटे खड़े हो जाएँ- रोमांचक/लोमहर्षक
शिष्य का शिष्य – प्रशिष्य
दूसरे का श्री सौभाक्य देखकर दु:खी होता हो- परश्रीकातर

**57. उत्तर- C**
**व्याख्या:-** जिसके लिए कुछ भी न हो-वाक्यांश के लिए अकिंचन शब्द प्रयुक्त होता है।

**58. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** चंचल आँखों वाली नायिका – लोलाक्षिका
घुंघराले बालों वाली नायिका – काकुली
घुंघराले बालों वाला नायक – काकुल्य
लम्बे बालों वाली नायिका – केशिनी

**59. उत्तर- A**
**व्याख्या:-** चांदनी रात – शर्वरी
रात्रि का प्रथम प्रहर - प्रदोष
रात्रि का तीसरा प्रहर – त्रियामा

**60. उत्तर- B**
**व्याख्या:-** दो वेदों को जानने वाला – द्विवेदी
जिसके अंग प्रत्यंग गल गये हों- गलितांग

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें

हमें FOLLOW करें

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

## यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

